# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26













॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

## स्कूल परिसर में फलदार व छायादार पौधे रोपे

बागबाहरा| शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के गोदग्राम दारगांव के स्कूल में पौधरोपण किया गया। स्कूल परिसर के गार्डन में नीम और आम जैसे महत्वपूर्ण छायादार और फलदार पौधे लगाए गए और साथ ही विद्यार्थियों ने इस पौधे को बचाएं रखने का संकल्प लिया। महाविद्यालय के एनएसएस के विद्यार्थियों के अलावा दारगांव के प्राथमिक स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़चढ़ भाग लिया। प्रधानपाठिका नेमा चंद्राकर ने शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को धन्यवाद ज्ञापित की और भविष्य में ऐसे सभी गतिविधि में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित की। उन्होंने बताया कि इससे स्कूल बच्चों में वृक्षारोपण के प्रति प्रेरणा बढ़ेगी और एक पेड़ मां के नाम बहुत अच्छी पहल है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज, गजानंद बुडेक, केके साहू, पालन दीवान, धनुर्जय साहू, नीलमणी साहू, भीष्म यादव, डॉ. खिलावन पटेल, युवराज, राजकुमार सहित अन्य मौजूद थे।



...-गरियाबंद-राजिम

प्रादेशिकी

रायपुर गुरुवार, 31 जुलाई 2025

# बागबाहरा महाविद्यालय के एनएसएस द्वारा दारगांव में वृक्षारोपण किया गया

**बागबाहरा, 30 जुलाई (देशबन्धु)।** शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के गोदग्राम दारगांव के स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर के गार्डन में नीम और आम जैसे महत्वपूर्ण छायादार और फलदार पौधे लगाए गए ।और साथ ही विद्यार्थियों द्वारा इस पौधे को बचाएं रखने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में न केवल महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी भाग लिए बल्कि दारगांव के प्राथमिक स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती नेमा चंद्राकर ने शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को धन्यवाद ज्ञापित किया ।और भविष्य में ऐसे सभी गतिविधि में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इससे स्कूल बच्चों में वृक्षारोपण के प्रति प्रेरणा बढ़ेगी ।और एक पेड़ मां के नाम बहुत अच्छी पहल है। इस अवसर पर महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ श्रीमती रश्मि मिंज, गजानंद बुडेक, के के साहू, पालन दीवान, धनुर्जय साहू, नीलमणी साहू, भीष्म यादव और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ खिलावन पटेल के साथ साथ युवराज और राजकुमार आदि स्वयंसेवी विद्यार्थी उपस्थित थे।



पत्रिका

ब्रीफ न्यूज


पौधरोपण : पौधों की रक्षा का संकल्प

## स्कूल परिसर में छायादार और फलदार पौधों का किया रोपण

**बागबाहरा @ पत्रिका.** शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दारगांव के स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर के गार्डन में नीम और आम जैसे महत्वपूर्ण छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों ने रोपे गए पौधों को बचाए रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में न केवल महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी भाग लिए, बल्कि दारगांव के प्राथमिक स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानपाठक नेमा चंद्राकर ने शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में ऐसी सभी गतिविधि में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज, गजानंद बुडेक, केके साहू, पालन दीवान, धनुर्जय साहू, नीलमणी साहू, भीष्म यादव और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खिलावन पटेल के साथ युवराज और राजकुमार आदि स्वयंसेवी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

31/07/2025 | Mahasamund | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/













# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26

## छात्रों को मतदाता बनने की प्रक्रिया लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताया

### मतदाता जागरूकता एवं एसआईआर शिविर लगाया गया




बागबाहरा। बच्चों को लोकतंत्र के महत्व के बारे में बताते अतिथि।

भास्कर न्यूज | बागबाहरा

शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में बुधवार को मतदाता जागरूकता एवं विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ना, छूटे हुए पात्र मतदाताओं का पंजीयन कराना तथा विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान प्रक्रिया के प्रति युवाओं को जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं से फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में कैंपस एम्बेसडर डॉ. खिलावन पटेल, सहायक प्राध्यापक एवं नोडल अधिकारी स्वीप एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा लोकतंत्र में मतदान के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। नायब तहसीलदार नंदनी वर्मा ने युवाओं से अपने नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराने और आगामी चुनावों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। बीएस ठाकुर, एस जी रात्रे, एकता मक्कड़, डॉ. पिंकी मिरी, गजानंद बुड़ेक उपस्थित थे।










## एड्स दिवस पर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

**बागबाहरा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज के मार्गदर्शन में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस का आयोजन युथ रेडक्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस आयोजन में बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एड्स काउंसलर श्रीमती अंजू साहू के साथ राजेंद्र कुमार कासेकर, टिकेश्वर साहू एवं महाविद्यालय के अधिकारीगण, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता, उसके रोकथाम के उपाय, तथा सुरक्षित जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य द्वारा उद्बोधन से शुरूआत हुआ और उन्होंने एड्स के कारण और बचाव से संबंधित जानकारी प्रदान की। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के एड्स काउंसलर




अंजू साहू मेम ने बताया कि एड्स अभी भी एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती है, परन्तु जागरूकता, सही जानकारी और समय पर उपचार से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने परिसर में सुरक्षित व्यवहार अपनाने, भेदभाव न करने, तथा एचआईवी से जुड़े मिथकों को दूर करने के लिए कहा। इसके पश्चात स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी राजेंद्र कुमार कासेकर सर ने एड्स के जानकारी और बचाव के बारे में जानकारी दिया तथा साथ ही साथ कुष्ठ रोग के लक्षण और बचाव की विस्तार से जानकारी प्रदान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन यूथ रेडक्रॉस प्रभारी गजानंद बुडेक ने किया तथा अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में शिवगोपाल रात्रे, डॉ. खिलावन पटेल कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. राजू चंद्राकर, डॉ. पिंकी मिर्री और बड़ी संख्या में स्वयंसेवी विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26



## एड्स दिवस पर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

अमन पथ न्यूज

बागबाहरा। शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज के मार्गदर्शन में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम युथ रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एड्स काउंसलर श्रीमती अंजू साहू, राजेंद्र कुमार कासेकर, टिकेश्वर साहू सहित महाविद्यालय के अधिकारी, स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करना, इसके संक्रमण के स्रोत, रोकथाम के उपाय तथा सुरक्षित जीवनशैली अपनाने की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मिंज ने एड्स के कारण, लक्षण एवं बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके बाद एड्स काउंसलर श्रीमती अंजू साहू ने कहा कि एड्स आज भी वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती है, परंतु सही जानकारी, जागरूकता और समय पर उपचार से इस संक्रमण को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कॉलेज परिसर में सुरक्षित व्यवहार अपनाने, एचआईवी प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने और मिथकों को दूर करने पर विशेष जोर दिया।स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी राजेंद्र कुमार कासेकर ने एड्स से बचाव के उपायों को विस्तार से बताया और साथ ही कुष्ठ रोग के लक्षण व रोकथाम के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन युथ रेड क्रॉस प्रभारी गजानंद बुडेक ने किया और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त भी किया। कार्यक्रम में शिवगोपाल रात्रे, डॉ. खिलावन पटेल, डॉ. राजू चंद्राकर, डॉ. पिंकी मिर्री सहित स्वयंसेवी विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




















# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26



















उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद एवं मुख्य अतिथि श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने … राजू सिन्हा ने कहा कि पूरा विश्व आज संयुक्त … विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि बच्चे … अभिनंदन

## महाविद्यालय बागबाहरा में गांधी जयंती एवं स्वच्छता अभियान

**बागबाहरा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 जो कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक के अंतर्गत राज्य रासेयो अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी के निर्देशन और जिला संगठक डॉ मालती तिवारी एवं प्राचार्य डॉ रश्मि मिंज के मार्गदर्शन में दिनांक 02 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में विशेष स्वच्छता अभियान और गांधी जी के विचारों पर संक्षिप्त चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ खिलावन पटेल ने बताया कि कार्यक्रम की शुभारंभ गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छता ही सेवा है' का संकल्प लेते हुए महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया। स्वयंसेवकों ने परिसर के सायकल स्टैंड को झाड़ू लगाकर और प्लास्टिक कचड़ा बीनकर परिसर की सफाई की तथा समाज के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किए। इस कार्यक्रम के लिए प्राचार्य डॉ रश्मि मिंज ने हर्ष व्यक्त की और मैसेज दिया कि सत्य और अहिंसा के साथ स्वच्छता भी गांधीजी के जीवन का मूल मंत्र रहा है। स्वयंसेवक यदि इसी भावना से कार्य करें तो समाज में बड़ा परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के गजानंद बुडेक जी ने स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि जनभागीदारी का माध्यम है और राष्ट्रीय सेवा योजना इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। गांधी जयंती के इस अवसर पर उन्होंने उनके विचारों का चर्चा किया और कहा कि आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों में सेवा भाव, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक मजबूत करता है। पालन दीवान क्रीड़ाअधिकारी ने सारांश में बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को अभियान के रूप में नहीं बल्कि जन जन की जिम्मेदारी और जीवन शैली अपनाना है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से गजानंद बुडेक, पालन दीवान, खिलावन पटेल एवं सिद्धार्थ साहू, नीतिश टंडन, रामकृष्णा साहू, लुकेश साहू, संजय पटेल, आदि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी उपस्थित रहे।














# तिरंगा प्रत्येक भारतीय का शान : डॉ. रश्मि मिंज

रिपोर्टर: कृष्णा हरपाल

बागबाहरा। शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे ÷आजादी का अमृत महोत्सव÷ के तहत एक बार फिर देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आह्वान किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रश्मि मिंज ने बताया कि हर घर तिरंगा एक ऐसा अभियान है जो लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आज़ादी के प्रतीक के रूप में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह विचार इस भावना से जुड़ा है कि राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारा रिश्ता केवल औपचारिक और संस्थागत न रहकर व्यक्तिगत भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास में प्रत्येक राज्य का अपना झंडा होता था, जिसका विशेष महत्व होता था। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खिलावन पटेल ने बताया कि यह अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा। शिक्षा मंत्रालय और उच्च शिक्षा विभाग ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को छात्रों, शिक्षकों और नागरिकों में इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों में देशप्रेम की भावना और मजबूत हो। पिछले वर्षों की तरह यह पहल राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और गर्व का प्रतीक बन चुकी है। वर्ष 2022, 2023 और 2024 में पूरे देश में लाखों घरों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा शान से लहराया गया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने प्रत्येक चरण के लिए गतिविधियों का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। इस दौरान लोगों को अपने घर, कार्यालय और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी इसकी तस्वीरें साझा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक बी.एस. ठाकुर, गजानंद बुडेक, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खिलावन पटेल, क्रीड़ाधिकारी पालन दीवान सहित महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# तिरंगा झंडा प्रत्येक भारतीय के लिए आन-बान-शान है : डॉ. रश्मि मिंज

बागबाहरा, 12 अगस्त (देशबन्धु)। तिरंगा झंडा प्रत्येक भारतीय के लिए आन बान शान है। जो हमें देशभक्ति एवं देशसेवा को गुण सीखाता है। तिरंगा हमारे देश के प्रतीक चिन्ह है। जिससे हमें देश प्रेम होने की अलग पहचान मिलती है। हम सभी भारतीय वासियों में जज्बा है कि हम सब एक हैं। तिरंगा झंडा हमारे देश के शान और पहचान है। शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत एक बार फिर देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आह्वान किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती डॉ. रश्मि मिंज हर घर तिरंगा एक अभियान है जो आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आज़ादी के प्रतीक के रूप में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया था। यह इस विचार से उपजा है कि राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारा रिश्ता हमेशा व्यक्तिगत से ज्यादा औपचारिक और संस्थागत रहा है। इतिहास में हम देखते है कि प्रत्येक राज्य का एक झंडा होता था। जिसका विशेष महत्व होता था। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ खिलावन पटेल ने बताया कि यह कार्यक्रम 2 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को निर्देश जारी कर छात्रों, शिक्षकों और नागरिकों में इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है ताकि लोगों में देशप्रेम की भावना बढ़े। पिछले वर्षों की तरह यह पहल राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और गर्व का प्रतीक बन चुकी है। वर्ष 2022, 2023 और 2024 में पूरे देश में लाखों घरों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा शान से लहराया था। भारत सरकार की संस्कृति मंत्रालय ने प्रत्येक चरण के लिए गतिविधियों का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। इस दौरान लोगों को अपने घर, कार्यालय और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी इसकी तस्वीरें साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रध्यापक श्री बी एस ठाकुर, श्री गजानंद बुडेक, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ खिलावन पटेल, पालन दीवान क्रीड़ाधिकारी, एवं महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।












# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26






दैनिक भास्कर महासमुंद 25-09-2025

## विद्यार्थियों को समाज सेवा करने पर दिया गया जोर

स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल अतिथि और विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज | बागबाहरा

शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अतिथियों ने अपने एनएसएस के अनुभवों को साझा किया।

डॉ. राजू चंद्राकर ने अपना दो साल का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में ना केवल स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं अनुशासित होते है बल्कि शिक्षक के जीवन में भी अनुशासन से मूलभूत सकारात्मक परिवर्तन होता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की अनुशासन सीखने को मिला यह बात पर जोर दिया। उनके पश्चात नीलमणि साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वयंसेवी में समाज सेवा के साथ व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जीवन में विकास की बात पर जोर दिया। अंत में प्रमुख अध्यक्षीय उद्‌बोधन की शुरुआत नारा लगाकर किया जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के बार में विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों की व्यक्तित्व विकास के साथ समाज सेवा में इसकी भूमिका पर चर्चा किया। इसके पश्चात गजानंद बुडेक ने राष्ट्रीय सेवा योजना की जय जगत जगत गीत गाकर और सभी स्टाफ को शामिल कर गायन कराया और स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से चर्चा किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खिलावन पटेल ने सभी से राष्ट्रीय सेवा योजना की नारा लगवाए और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ने छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पटेल ने कहा कि एनएसएस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर गजानंद बुडेक, डॉ. खिलावन पटेल, अतिथि व्याख्याता सहित स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



















# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26
























Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26















# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26
























# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26


















# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26





















Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26









# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26


















Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26















# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26












# Niyamit Gatividhi Photos and Newspaper Overview 2025-26







